# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 12.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रयागराज में पौष पूर्णिमा पर अमृत स्नान के साथ कल महाकुंभ की होगी शुरूआत : बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी।
2. महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यातायात और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : मेला क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश पर आज से प्रतिबंध।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में युवाओं से विकसित भारत के निर्माण में प्रभावी भूमिका निभाने का किया आह्वान : पीआरडी जवानों का बढ़ाया मानदेय।

और

4. प्रदेश के अधिकांश जिलों मं हल्की बारिश से बढ़ी ठंड : आगामी दो दिनों तक घना कोहरा छाये रहने का अलर्ट जारी।

---

आस्था और मानवता का सबसे बड़ा संगम महाकुंभ कल से प्रयागराज में शुरू हो रहा है। इस विश्वस्तरीय धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के लिये सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महाकुंभ की शुरुआत कल पौष पूर्णिमा को पहले अमृत स्नान के साथ होगी। इस भव्य आयोजन में श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। एक रिपोर्ट...

*45 दिनों तक चलने वाला यह भव्य आयोजन न केवल आध्यात्मिकता और आस्था को प्रदर्शित करेगा, बल्कि दुनियाभर से आने वाले करोड़ों तीर्थयात्रियों के लिए एक व्यवस्थित चिकित्सा सुविधा भी प्रदान करेगा। स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं का एक महत्वपूर्ण आकर्षण नेत्र कुंभ है जो आंखों की बीमारियों के निवारण के लिए शुरू की गई है। इसमें तीन लाख से अधिक चश्में वितरित करने और 5 लाख ओपीडी आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं मेला क्षेत्र में सौ विस्तरों वालों केन्द्रीय अस्पताल में ओपीडी परामर्श से लेकर आईसीयू देखभाल तक की सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं अरर स्थित मुख्य केन्द्रीय अस्पताल तथा प्रयागराज जंक्शन नैनी और सूबेदारगंज सहित प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर मेडिकल ऑब्जरवेशन कक्ष इन प्रयासों को आगे बढ़ा रहे हैं। देशभर से दो सौ चालीस चिकित्सों की टीम महाकुंभ के स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत कर रहे हैं। अनुपम मिश्र के साथ आनंद कुमार आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

महाकुंभ में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटकों के आने का सिलसिला जारी है। इस आयोजन में भारत की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करने के लिए कलाग्राम बनाया गया है। इसका उद्‌घाटन आज

केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने किया। एक रिपोर्ट...

*कला ग्राम, कला संस्कृति और विरासत का अनूठा संगम है इसे प्रयागराज के नाग वासिकी क्षेत्र में 10 एकड़ भूमि में तैयार किया गया है। कला ग्राम संस्कृति, शिल्प कला और विभिन्न व्यंजनों के माध्यम से भारत की समृद्धि विरासत को प्रदर्शित करेगा। इसमें अनुभूति मंडपम और अविरल शाश्वत कुंभ प्रवर्तनी जोन भी है। अगले 45 दिनों में कला ग्राम में 14,000 से ज्यादा कलाकार अपने–अपने कला को प्रदर्शित करेंगे। वहीं, आगंतुक फूड जोन में भारत के सात्विक जायके देशभर के प्रमाणिक व्यंजनों और प्रयागराज के स्थानीय स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे। अनुपम मिश्रा के साथ आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

पौष पूर्णिमा एवं मकर संक्रान्ति स्नान पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के मद्देनजर मेला क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश पर आज से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ ही दूर–दराज से आने वाले छोटे एवं बड़े वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल में ही खड़ा कराने की योजना पर पुलिस प्रशासन ने सघन चेकिंग शुरू कर दी है।

———————

महाकुंभ में तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों की सुविधा के लिए ट्रेनों, बसों और हवाई सेवा की विशेष व्यवस्था की गई है। अमृत स्नान के दौरान यात्रियों की सहूलत के लिए रेलवे तीन हजार तीन सौ विशेष रेल गाड़ियों सहित दस हजार से ज्यादा ट्रेनें चला रहा है। राज्य सड़क परिवहन निगम सात हजार से अधिक बसों की सेवा मुहैया करा रहा है। इसके अलावा साढ़े तीन सौ शटल बसें मेला क्षेत्र में

संचालित रहेंगी। वहीं एयरलाइंस महाकुंभ के लिए उड़ाने बढ़ा रही है इससे महाकुंभ के दौरान प्रयागराज से 20 से अधिक प्रमुख शहरों का सीधा हवाई सम्पर्क रहेगा। महाकुंभ के दौरान श्रद्धालु हेलीकाप्टर जॉयराइड–पवन हंस का आनंद भी ले सकेंगे। केन्द्र सरकार द्वारा मुहैया कराइ जा रही यह सेवा श्रद्धालुओं को अब तीन हजार रूपये की जगह एक हजार 296 रूपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से मिलेगी।

——————————

स्वामी विवेकानंद की जयंती आज राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में प्रदेशभर में मनायी जा रही है। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत की प्राचीन, आध्यात्मिक संस्कृति को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। श्री योगी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो सम्मेलन में दुनिया को भारत की वैदिक संस्कृति के बारे में बताया था। उन्होंने जितनी बड़ी चुनाती हो, जीत उतनी ही शानदार होती है, का प्रेरणादायी मंत्र युवाओं को दिया। देश के युवा इसी प्रेरणा को आत्मसात कर आगे बढ़ रहे हैं।

*उत्तर प्रदेश का हमारा युवा आज अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है। ये वही युवा है जिसके सामने एक समय पहचान का संकट खड़ा हुआ। युवा के बगैर किसी भी सभ्य समाज पर, किसी भी राष्ट्रका कोई भविष्य नहीं हो सकता। 2047 में ऐसा भारत बनाने के लिए उस भारत के निर्माण के लिए हमारा क्या योगदान हो सकता है, यह युवा तय करेगा और सौभाग्य से भारत दुनिया का सबसे युवा देश है, जिसकी 56 फीसदी आबादी ऐसी है जो*

*वर्किंग फोर्स है, कामकाजी वर्ग है और उत्तर प्रदेश इस मामले में सौभाग्यशाली है कि भारत का बसे अधिक युवा उत्तर प्रदेश के अंदर निवास करता है।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पीआरडी के 35 हजार से अधिक जवानों का मानदेय प्रतिदिन पांच सौ रूपये करने की घोषणा की तथा मृतक जवानों के आश्रितों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे।

उधर गोरखपुर में सुभाषनगर कालोनी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में श्री योगी ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण भी किया। वहीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आगरा के खंदारी स्थित स्वामी विवेकानंद परिसर में उनकी विशाल प्रतिमा का वर्चुअल अनावरण किया। लखनऊ और अमरोहा सहित अनेक जगहों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर स्वामी विवेकानंद के जीवन–दर्शन और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसक साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केंद्र सरकार के वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने के लक्ष्य के तहत प्रदेश में भी 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान जारी है। सात दिसंबर से प्रदेश के 15 जनपदों में शुरू हुए अभियान के एक माह में 9,340 लोगों को टीबी संक्रमित पाया गया। राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ0 शैलेंद्र भटनागर ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह अभियान प्रदेश के सभी जनपदों में चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 10 लक्षणों के आधार पर टीबी मरीजों और संदिग्धों की स्क्रीनिंग जा रही है। बाइट......

*पहले हम लोगों ने वर्नुरेबुल पापुलेशन यानी उन लोगों को छांटा जिनमें टीबी होने की संभावना आम जन के मुकाबले अधिक होती है। टीबी जिनमें पहले हो रखी हो वह व्यक्ति कहीं उनमें रिलैक्स न हो जाये इसके अलावा कुछ जगहों पर जैसे मलिन बस्तियां कारागार, वृद्धाश्राम यह सब यहां टीबी होने की संभावना अधिक होती है। उन जगहों पर हम जायेंगे और अधिक से अधिक रोगियों को स्क्रीन करेंगे।*

——————————

राज्य के पश्चिमी और पूर्वी जिलों के कई इलाकों में आज गरज–चमक के साथ बारिश और घने कोहरे की संभावना है। इस सिलसिले में मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं कल भी पूर्वांचल और पश्चिम के अनेक इलाकों में घना कोहरा छाया रहेगा। जबकि 14 जनवरी को भी प्रदेश के अधिकांश इलाकों में घना कोहरा छाये रहने का येलो अलर्ट है। इस बीच राजधानी लखनऊ,

बाराबंकी, अयोध्या, जौनपुर, अमरोहा और संतकबीरनगर सहित राज्य के कई ज़िलों में बीती रात से रुक–रुक कर बारिश और हल्की बूंदाबांदी का सिलसिला जारी है। मौसम में आये इस बदलाव से सर्दी में बढ़ोत्तरी हुई है।

——————————